
मध्यप्रदेश शासन

# माननीय मुख्यमंत्रीजी की प्रेस वार्ता




**28 अगस्त 2024 I राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय**

# रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव – ग्वालियर

## 28 अगस्त 2024

### “रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव- ग्वालियर”

- उद्योगों के विकास से न केवल आर्थिक समृद्धि होती है, बल्कि स्थानीय रोजगार भी सृजित होते हैं। अतः प्रदेश में संतुलित और समान विकास की दिशा में कदम बढ़ाने के उद्देश्य से, रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव -‘इतिहास, विरासत और उद्योग के संगम’ का आयोजन, आज ग्वालियर के ‘राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया।’’

- इस आयोजन के माध्यम से ग्वालियर चंबल क्षेत्र की औद्योगिक संभावनाओं को देश-विदेश के निवेशकों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिला ।

- उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ किए गए संवाद से यह स्पष्ट हुआ कि ग्वालियर चम्बल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और उद्योग स्थापित किये जा सकते हैं।

- स्थानीय MSMEs को बड़े उद्योगों के साथ साझेदारी करने के अवसर प्राप्त हुए, जिससे उनकी वृद्धि को बल मिलेगा।

### कार्यक्रम के हाईलाइट

**आज ,आयोजन में ,**

- **4000 से अधिक प्रतिभागियों ने भागीदारी की।**
- **15 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।**
    - **जिनमें कनाडा, नीदरलैंड, टोगो, जाम्बिया, मैक्सिको** से प्रतिनिधि मण्डल सम्मिलित हुए ।

- **15 से अधिक राज्यों के निवेशकों ने सहभागिता की ।**

- **150 से अधिक विशिष्ट अतिथियों ने भागीदारी की।**

- जिनमें से **अधिकांश पर्यटन, आईटी, फूटवेयर, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के उद्योगपति हैं और मध्यप्रदेश में निवेश हेतु रूचि रखते हैं।**

**कार्यक्रम में,**

- 400 से अधिक बॉयर सेलर मीट आयोजित की गई।
- 5 से अधिक औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की,जिनमें सीआईआई, लघु उद्योग भारती, डिक्की आदि के प्रतिनिधि शामिल हुए।
- **05 विभाग द्वारा प्रजेंटेशन दिये गये –**
    - औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग
    - पर्यटन विभाग
    - सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग
    - खनिज साधन विभाग
    - साइंस एवं टेक्नोलॉजी विभाग

- **03 उद्योगपतियों द्वारा उनके अनुभव साझा किये गये**
    - श्री करण अडानी, एमडी, अडानी पोर्टस एण्ड एसईजेड लि.
    - श्री विवेक  तनेजा, रिलायंस बायो एनर्जी
    - श्री पुनीत डावर, एमडी, ट्रोपिलाईट फूड

- **20 से अधिक प्रमुख उद्योगपतियों एवं उद्योग संगठनों के साथ वन टू वन बैठक आयोजित की गई। जिनमें से अडानी ग्रुप, रिलायंस ग्रुप, टोपिलाईट फूड, एलिक्जर इण्डस्ट्रीज, एसएसजी फर्निशिंग सॉल्युसंस, प्राईम  गोल्ड,एजीआई ग्लास पैक प्रमुख है।**

- **06 सेक्टोरल सत्र आयोजित है**

| | |
|---|---|
| एमएसएमई और निर्यात में अवसर, ओडीओपी सेक्टर पर फोकस | फुटवियर क्षेत्र में अवसर |
| पर्यटन में अवसर | उच्च शिक्षा एवं कौशल में अवसर |
| स्टार्ट अप क्षेत्र में अवसर | ग्रामीण, हथकरघा एवं हस्तशिल्प उद्योगों में अवसर |

- **3 राउंड टेबल बैठके आयोजित है**

| |
|---|
| ग्वालियर पीसीबी क्लस्टर पर |
| स्टार्टअप सेक्टरों में अवसर पर |
| फूटवियर सेक्टर के अवसरों पर |

## लोकार्पण, भूमि पूजन एवं भूमि आवंटन हेतु आशय पत्र वितरण

- ''रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव ग्वालियर 2024-'' में क्षेत्रीय कार्यालयों के 06 स्थानों पर कुल 28 इकाईयों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन किये गये जिसमें 1321.11 करोड़ का पूंजी निवेश एवं लगभग 3785 व्यक्तियों को रोजगार प्रस्तावित है।
- क्षेत्रीय कार्यालयों के 06 चिन्हित स्थानों पर संबंधित इकाईयों के प्रतिनिधि एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे ।
- ''रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव ग्वालियर 2024-'' में 120 इकाईयों के आशय पत्र जारी किये गये जिन्हें 268 एकड़ भूमि आवंटित किया जाना है, जिसमें 1680 करोड़ से अधिक का पूंजी निवेश एवं 6600 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रस्तावित है।
- **सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग अंतर्गत 19 इकाईयों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन किये गये जिसमें 265 करोड़ से अधिक का पूंजी निवेश एवं लगभग 967 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रस्तावित है।**

## इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन सेन्टर ग्वालियर एवं चम्बल संभाग का शुभारम्भ

जिला स्तर पर निवेश को सुगम बनाने, निवेशकों को उचित मार्गदर्शन करने एवं निवेश परियोजनाओं को क्रियान्वित/स्थापित करने हेतु आवश्यक जिला स्तरीय अनुमतियां/ अनुज्ञप्तियों को निर्धारित समयावधि में प्रदान करने के उद्धेश्य से जिला कलेक्टर कार्यालय में निवेश प्रोत्साहन केन्द्र स्थापित किये जा रहें हैं। आज ग्वालियर एवं चम्बल संभाग के सभी 08 जिलों में इन केन्द्रों का शुभारम्भ किया गया है।

**ग्वालियर में आयोजित**

**इस रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव के**

**<u>प्रमुख निवेश प्रस्ताव :-</u>**

- **श्री करण अडानी जी, एमडी, अडानी समूह** द्वारा **3,500 करोड़ की लागत से गुना में 2 मिलियन टन सीमेंट प्रोजेक्ट एवं शिवपुरी में प्रोपेल्लेंट प्रोजेक्ट में निवेश प्रस्ताव दिया जिससे 3,500 व्यक्तियों को रोजगार** प्राप्त होने की संभावना है।

- **रिलायंस समूह के श्री विवेक तनेजा जी** द्वारा **रिन्युएबल एनर्जी गैस एवं बायो गैस प्रोजेक्ट हेतु निवेश प्रस्ताव** दिया जिसमें **ग्रामीण क्षेत्र में नवीन 2,000 रोजगार** उत्पन्न की संभावना है।

- **श्री पुनीत डावर जी, एमडी, ट्रोपिलाईट फूड** ने कहा कि वे फूड प्रोसेसिंग हेतु **100 करोड के नवीन निवेश** से अपना व्यवसाय मध्यप्रदेश में और बढ़ायेंगे जिससे **महिलाओं हेतु 500 रोजगार** के अवसर उत्पन्न होंगे।

**अन्य प्रस्ताव :-**

| क्र | उद्योगपति का नाम एवं पद | इकाई का नाम | सेक्टर | निवेश | रोजगार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अंकुर गुप्ता, डायरेक्टर | पॉलीग्रो इण्डस्ट्रीज | टॉय मेन्युफेक्चरिंग | रू. 30 करोड | 500 |
| 2 | श्री आशीष मोहापात्रा, सीईओ एण्ड एमडी | ओएफबी टेक | फायनांस एण्ड आईटी | रू. 350 करोड | 15000 |
| 3 | श्री अचिन अग्रवाल, एमडी | प्राईम गोल्ड | स्टील | रू. 250 करोड | 100 |
| 4 | श्री चन्दर भूषण मिश्र, एमडी | एसएसजी फर्निशिंग साल्युसंस | टेक्निकल टेक्सटाईल | रू. 750 करोड | 9000 |
| 5 | श्री अरूण गोयल, चेयरमेन | एलिक्सर इण्डस्ट्रीज | फर्निचर एण्ड केमीकल | रू. 1000 करोड | 750 |
| 6 | श्री पंकज चावला, एमडी | मार्वल विनाइल | पैकेजिंग एण्ड ऑटोमोटिवइंटीरियर्स | रू. 620 करोड | 2800 |
| 7 | श्री आर.पी. माहेश्वरी, सीएमडी | मॉडर्न टेक्नोप्रोजेक्टस | हॉस्पिलिटी | रू. 100 करोड | 150 |
| 8 | श्री एस.पी.एस. कोहली, ईडी | जमना ऑटो (विस्तार) | ऑटो कम्पोनेंट | रू.532 करोड | 200 |
| 9 | श्री जे.एल. तापडिया | द सुप्रीम इण्डस्ट्रीज (विस्तार) | प्लास्टिक | रू. 265 करोड | 75 |
| 10 | श्री राहुल संघवी | संघवी फूड्स (विस्तार) | फूड प्रोसेसिंग | रू.12.57 करोड | 50 |
| | | | | | |

**कार्यक्रम में कुल 8,000 करोड से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जिससे लगभग 35000 रोजगार के अवसर सृजित होंगे।**

## माननीय मुख्यमंत्रीजी द्वारा रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव में की गई घोषणाएं

1. औद्योगिक क्षेत्र सीतापुर, जिला- मुरैना में **पुलिस चौकी** की स्थापना की जाएगी।
2. औद्योगिक क्षेत्र बामोर, जिला- मुरैना में **फायर स्टेशन** की स्थापना की जाएगी।
3. एमपीआईडीसी, क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर अंतर्गत **04 नये औद्योगिक पार्क** बनाए जाएंगे।
    - मोहना जिला- ग्वालियर क्षेत्रफल 210 हेक्टेयर
    - गुरावल, जिला- शिवपुरी क्षेत्रफल 30.64 हेक्टेयर
    - चैनपुरा, जिला- गुना, क्षेत्रफल 333 हेक्टेयर
    - मवई जिला- मुरैना, क्षेत्रफल 210 हेक्टेयर
4. ग्वालियर शहर में निजी क्षेत्र का बड़ा चिकित्सालय लाये जाने का प्रयास किया जाएगा।

**समापन बिंदुः**

- हम इस क्षेत्र को औद्योगिक और आर्थिक समृद्धि के नए शिखरों तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। यह सम्मेलन ग्वालियर-चंबल की अनमोल धरोहर को आगे बढ़ाते हुए, इसे औद्योगिक विकास के नए शिखरों तक पहुँचाने का एक सशक्त प्रयास है।

- इस सम्मेलन के माध्यम से हम एक नई दिशा में बढ़े हैं। हमारा लक्ष्य है कि ग्वालियर- चंबल को एक औद्योगिक हब के रूप में विकसित करें, जो न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि पूरे देश की औद्योगिक केंद्र बने।

- मैं सभी उद्योगपतियों और निवेशकों का धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने इस सम्मेलन में भाग लिया और इस क्षेत्र में निवेश करने की रुचि दिखाई। राज्य सरकार उद्योगपतियों और निवेशकों को हर संभव सहायता और सहयोग देने का प्रयत्न करेगी, जिससे इस क्षेत्र का समग्र विकास हो सके।

- आपका सहयोग और समर्थन, ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के समृद्ध एवं समग्र विकास के संकल्प को मजबूत करेगा ।

# धन्यवाद ग्वालियर

